**जिला कम्प्यूटर केंद्र माननीय जिला पदाधिकारी श्री तुषार सिंगला(भा0 प्र0 से0) सह अध्यक्ष जिला कम्प्यूटर केन्द्र बेगूसराय का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करती है साथ ही आपके मार्गदर्शन व सहयोग की अभिलाषी है।**

## जिला कम्प्यूटर केंद्र एक परिचय

एकादश वित आयोग के तहत माध्यमिक विद्यालय के छात्र–छात्राओं व जिले के जरूरतमंद छात्रों को न्यूनतम शुल्क पर कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु जिला कम्प्यूटर केन्द्र की स्थापना एवं इसके संचालन हेतु सचिव प्राथिमक एवं व्यस्क शिक्षा के पत्रांक – 1366, दिनांक 12.10.2001 के आलोक में प्रत्येक जिला कम्प्युटर केन्द्र की स्थापना जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में की गई। जिला कम्प्यूटर केन्द्र की स्थापना सर्वप्रथम बी0 पी0 हाई स्कूल में हुई जिसका कुछ तकनीकि कारणों से संचालन सफल रूप से नहीं हो पाया, उस समय के जिलाधिकारी श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव के आदेश पर जिला कम्प्यूटर केन्द्र के सफल संचालन के लिए पीपीपी मोड में आउटशोर्सिंग करने हेतु सचिव (प्राथमिक एवं व्यस्क शिक्षा) के निर्देशानुसार निविदा आमंत्रित किया गया, निविदा में भाग लेने वाले सभी संस्थानों में वी पी एस कम्प्यूटर का चयन किया गया। इसके तहत जून 2010 में वी पी एस कम्प्यूटर एवं जिला कम्प्यूटर केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में पीपीपी मोड के तहत विधिवत प्रशिक्षण कार्यक्रम, सुचना प्रौद्योगिकी भवन के प्रांगण में शुभारंभ हुआ जिसका विधिवत उद्घाटन तत्कालीन जिला पदाधिकारी श्री जितेंद्र श्रीवास्तव (भा0 प्र0 से0) के कर कमलों से दिनांक 1 जुलाई 2010 को सम्पन्न हुआ। पूर्व जिला पदाधिकारी श्री मनोज कुमार (भा0 प्र0 से0), श्रीमती सीमा त्रिपाठी (भा0 प्र0 से0), श्री नौशाद युसुफ, श्री राहुल कुमार (भा0 प्र0से0), श्री अरबिंद कुमार वर्मा (भा0 प्र0 से0), श्री रौशन कुशवाहा (भा0 प्र0 से0) एवं श्री तुषार सिंगला (भा0 प्र0 से0) के कुशल मार्गदर्शन एवं सहयोग से सूचना तकनीकी के क्षेत्र में उँचे आयाम को प्राप्त कर रहा है। यह बिहार में पी0पी0पी0 मोड के तहत संचालित एक मात्र और अनोखा मॉडल सेंटर है। जिला कम्प्यूटर केन्द्र, बेगूसराय द्वारा जिला मुख्यालय स्थित उच्च विद्यालयों के नौवीं एवं दसवीं के छात्र–छात्राओं को रू 75/– मात्र प्रतिमाह के न्युनतम शुल्क पर कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जाता है तथा अन्य जरूरतमंद छात्र–छात्राओं को रू 450/– मात्र प्रतिमाह के रियायत दर पर Diploma in Computer Application (DCA) दिया जा रहा है, साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त सफल छात्र–छात्राओं का ससमय प्रमाण पत्र निर्गत करने के साथ–साथ उन्हे रोजगार के अवसर देने का भी प्रयास किया जाता है। विद्यालयों में उपयुक्त संसाधन के आभाव में वहाँ प्रशिक्षण नहीं हो पाता है अपितु इच्छुक छात्र–छात्राओं जिला कम्प्यूटर में आकार प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।

## जिला कम्प्यूटर केंद्र की कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियां:

- बेगूसराय जिला के सभी प्रखंड पदाधिकारी एवं अंचल पदाधिकारी को दिसंबर 2010 में जिला कंप्यूटर केन्द्र सोसायटी, बेगूसराय में निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया गया।
- जिला कंप्यूटर केन्द्र सोसायटी, बेगूसराय में प्रथम दीक्षांत समारोह फरवरी 2011, माननीय जिला पदाधिकारी श्री जितेंद्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें सफल छात्र–छात्राओं को प्रमाण–पत्र दिया गया।
- जिला अनुमंडल, प्रखंड एवं अंचल स्तर के कर्मचारी को समय–समय पर जिला कम्प्यूटर केन्द्र सोसायटी, बेगूसराय में निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण मुहैया कराया जाता है।
- बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के द्वारा नियोजनार्थ पैनल निर्माण हेतु कार्यपालिका सहायकों का कम्प्यूटर टंकण परीक्षा क्रमशः सितंबर 2011,जून 2012 तथा जून 2012 तथा जून 2013 में आयोजित किया गया।
- भूमि एवं राजस्व विभाग द्वारा नियोजनार्थ स्टोनोग्राफर पैनल निर्माण हेतु कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन सितंबर 2013 में किया गया।
- पंचायती राज विभाग, पटना के पत्रांक– 4049/पं0रा0,दिनांक– 02.07.2013 के आलोक में e-panchayat misson mode project के तहत PEC का 15 दिवसीय जिलास्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी प्रखंडों एवं जिला परिषद में कार्यरत प्रिया सॉफ्ट IT ऑपरेटरों के साथ–साथ नाजिर, लेखापाल एवं प्रधान सहायक को प्रशिक्षण दिया गया।
- दिनांक 05.09.2014 को तत्कालिन जिला पदाधिकारी श्रीमतिक सीमा त्रिपाठी के द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला कम्प्यूटर केन्द्र के शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।
- जिला स्थापना उपसमाहर्ता, बेगूसराय के द्वारा जिलाा कम्प्यूटर केन्द्र में दिनांक 09.10.14 को सभी नाजिर को प्रशिक्षण एवं दिनांक 10.10.14 को बेगूसराय में सभी कार्यपालक सहायक को आशुलेखन का प्रशिक्षण दिया गया ।
- दिनांक 13.10.14 को जिला स्वास्थय समिति, बेगूसराय के द्वारा जिला कम्प्यूटर केन्द्र में पारा मेडिकल वर्कर हेतु कुल 85 उम्मीदवारों का कम्प्यूटर जाँच परीक्षा का आयोजन किया गया।
- दिनांक 02.12.14 को तत्कालीन जिला पदाधिकारी श्रीमति सीमा त्रिपाठी के द्वारा जिला कम्प्यूटर केन्द्र सोसायटी के वेबसाइट www.dccs-begusarai.org का उद्घाटन किया गया।

- जिला पदाधिकारी के आदेशानुसार जिला मुख्यालय के सरकारी विद्यालयों Omar Girsl High School एवं J.K. Inter School में प्रशिक्षक भेजकर विद्यालय में ही कम्पयूटर प्रशिक्षण दिया गया।
- दिनांक 21.05.2015 को जिला कंप्यूटर केन्द्र सोसायटी, बेगूसराय के द्वारा कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सफल छात्र–छात्राओं का दीक्षांत समारोह आयोजित कर तत्कालीन जिला पदाधिकारी श्रीमति सीमा त्रिपाठी के द्वारा कंप्यूटर प्रमाण पत्र दिया गया।
- वी0 पी0 एस0 कम्प्यूटर एवं जिला कम्प्यूटर केन्द्र, बेगूसराय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित छह माह का निःशुल्क Diploma in Computer Application के प्रशिक्षण का शुभारंभ दिनांक 12.06.15 को तत्कालीन जिला पदाधिकारी श्रीमति सीमा त्रिपाठी के द्वारा समारणालय स्थित कारगिल भवन में किया गया।
- अगस्त 2015 (दिनांक 20.09.2015 से 03.09.2015) में बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के द्वारा आयोजित कार्यपालक सहायकों के कंप्यूटर टंकण परीक्षा का सफल संचालन जिला कम्प्यूटर केन्द्र के द्वारा किया गया जिसमें 3000 प्रतिभागी शामिल हुए।
- जिला प्रशासन द्वारा दिनकर भवन में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह 2015 में निदेशक वी0पी0एस0 कम्पयूटर श्री वी0 एन0 ठाकुर को सुचना तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र व खास कर अल्पसंख्यक समुदाय के छात्राओं को कम्प्यूटर शिक्षा से जोड़ने में अहक योगदान के लिए लाईफटाइम एचिभमेंट अवार्ड से तत्कालीन जिला पदाधिकारी श्रीमति सीमा त्रिपाठी एवं तत्कालीन मेयर बेगूसराय श्री संजय सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया।
- दिनांक 30.09.15 को वी0पी0एस0 कम्प्यूटर केन्द्र, बेगूसराय के संयुक्त तत्वाधान में माननीय जिला पदाधिकारी श्रीमति सीमा त्रिपाठी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर बिहार विधानसभा निर्वाचन 2015 के लिए मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।
- दिनांक 24.11.15 को वी0पी0एस0 कम्प्यूटर एवं जिला कम्प्यूटर केन्द्र बेगूसराय के संयुक्त तत्वाधान में उप विकास आयुक्त श्री कंचन कपूर एवं अनुमंडल पदाधिकारी श्री विनय कुमार राय की उपस्थिति में जिला कम्प्यूटर केन्द्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।
- निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण बिहार पटना का कार्यलय आदेश 37 सह ज्ञापांक 624 दिनांक 19.05.2016 को जिला नियोजनालय बेगूसराय के द्वारा जिला कम्प्यूटर केन्द्र को नव प्रर्वतन कोषांग का सदस्य के रूप में नामित किया गया।

- दिनांक 16.9.16 से दिनांक 20.9.16 तक जिला कम्प्यूटर केन्द्र बेगूसराय में जिला योजना कार्यालय के द्वारा सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम (Multipurpose assistant का प्रशिक्षण ) का आयोजन किया गया।
- मनरेगा अंतर्गत Geo MGNREGA के कार्यान्वयन हेतु दिनांक 21.10.16 से 26.10.16 तक जिला कम्प्यूटर केन्द्र में पंचायत तकनीकि सहायक कम्प्यूटर ओपरेटर अथवा MSE (Mobilr Spatial Emulator) के प्रशिक्षण का आयोजन कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण बेगूसराय के द्वारा किया गया।
- बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इंटरमिडिट एवं माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा 2016 की उत्तर पुस्तिकाओं के ई.मूल्यकांन (डिजिटल मार्किंग) का कार्य दिनांक 23.11. 16 से दिनांक 8.12.16 तक किया गया।
- 19.12.2016 को माननीय मुख्यमंत्री जी को लोक संवाद के माध्यम से जिला कम्प्यूटर केन्द्र की गतिविधियों से अवगत कराया गया एवं कौशल विकास कार्यक्रम को जिला कम्प्यूटर केन्द्र के माध्यम से चलाने का अनुरोध किया गया।
- 26.04.17 को जिला कम्प्यूटर केन्द्र सोसाइटी बेगूसराय के द्वारा Omar Girls High School एवं Jk Inter School के कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं का दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें डॉ0 लक्ष्मण झा (प्राचार्य, एस वी एस एस कॉलेज, बेगूसराय) एवं श्री बब्बन कुमार, जिला योजना पदाधिकारी, बेगूसराय के हाथों छात्रों को प्रमाण पत्र दिया गया।
- दिनांक 24.08.2017 को जिला कम्प्यूटर केंद्र से प्रशिक्षणोपरांत सफल छात्र–छात्राओं को जिला परियोजना पदाधिकारी श्री बब्बन कुमार एवं जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी श्री मनीष कुमार मिश्रा के द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया।
- दिनांक 18.10.2017 को छात्र–छात्राओं के शैक्षाणिक गतिविधयों के अलावे अन्य गतिविधयों पर जोर देते हुए जिला कम्प्यूटर केन्द्र में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 19.05.2018 को जिला कम्प्यूटर केंद्र के छात्र–छात्राओं को बिहार सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के तहत कुशल युवा कार्यक्रम के बारे में जिला सूचना जन संपर्क पदाधिकारी श्री आशीष आनंद के द्वारा मार्गदर्शन दिया गया और साथ ही सफल छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र भी दिया गया।
- सरकारी विद्यालयों के नवमीं एवं दसवीं के छात्र–छात्राओं प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत BSS COLLEGIATE INTER SCHOOL , BEGUSARAI के 195 से अधिक छात्र–छात्राओं, OMAR GIRLS HIGH SCHOOL BEGUSARAI के 411 से अधिक

छात्राओं को JK HIGH SCHOOL BEGUSARAI के 265 तथा BP INTER SCHOOL BEGUSARAI के 411 से अधिक छात्र–छात्राओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया गया ।

- जिला कंप्यूटर केन्द्र सोसायटी, बेगूसराय के द्वारा अभी तक लगभग 2300 छात्र–छात्राओं का सफल प्रशिक्षण दिया गया और प्रशिक्षणोपरांत ससमय प्रमाण पत्र निर्गत किया गया।

- जिला कम्प्यूटर केन्द्र सोसायटी, बेगूसराय द्वारा वर्तमान में लगभग 251 छात्र–छात्राओं का कम्प्यूटर प्रशिक्षण सुचारू रू॰ से चला रहा है।

- जिला पदाधिकारी महोदय एवं अन्य वरीय पदाधिकारी की अनुसंशा से कई दिव्यांग छात्रों को जिला कम्प्यूटर केन्द्र के माध्यम से निःशुल्क छः माह का कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया गया।

- जिला कम्प्यूटर केन्द्र में छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु समय–समय पर जिला प्रशासन से संबंधित पदाधिकारी की उपस्थिति में कैरियर काउन्सेलिंग व व्यक्तित्व विकास पर परिचर्चा आयोजित किया जाता है।

- वी0पी0एस0 कम्प्यूटर के द्वारा समय–समय पर आयोजित रोजगार मेला में जिला कम्प्यूटर केन्द्र के छात्र–छात्राओं को भी शामिल कराया जाता है व चयन प्रक्रिया में सहयोग किया जाता है।

- दिनांक 20.11.2018 को जिला कम्प्यूटर केन्द्र में मेधा सह मार्गदर्शन सम्मान का आयोजन एन ई पी निदेशक सह सचिव जिला कम्प्यूटर केन्द्र मो0 रजिक एवं मुख्य अतिथि जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी श्री मनीष कुमार की उपस्थिति में किया गया।

- बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के द्वारा नियोजनार्थ पैनल निर्माण हेतु कार्यपालक सहायकों का कम्प्यूटर टंकण परीक्षा क्रमशः 28 जनवरी 2019 से 12 फरवरी 2019 तक आयोजित किया गया जिसमें 5400 प्रतिभागी शामिल हुए।

- दिनांक 21.02.2019 को जिला कम्प्यूटर केन्द्र सदर अनुमंडल परिसर  में श्री कंचन कपूर निवर्तमान उप विकास आयुक्त सह उपाध्यक्ष जिला कम्प्यूटर केन्द्र एवं मो0 रजिक निदेशक एनईपी सक सचिव जिला कम्प्यूटर केन्द्र का विदाई सह सम्मान कार्यक्रम आयोजन किया गया।

- रंगोली के माध्यम से छात्र–छात्राओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

- दिनांक 3.9.2019 को जिला कम्प्यूटर केन्द्र द्वारा बी0एस0एस0 कॉलेजिएट में त्रैमासिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

- दिनांक 14.1.2020 को जिला कम्पयूटर केन्द्र में बाल दिवस के अवसर पर माननीय उपविकास आयुक्त सह उपाध्यक्ष जिला कम्प्यूटर केन्द्र श्री रिची पाण्डेय(भा0प्रा0से0) के द्वारा उत्कृष्ठ छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया।

- दिनांक 19.1.2020 को जिला कम्प्यूटर केन्द्र के छात्र–छात्राओं ने बिहार सरकार द्वारा आयोजित जल जीवन हरियाली जागरूकता हेतु आयोजित मानव श्रृंखला में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

- मानव संसाधन विकास प्रणाली  (HRMS) परियोजना अंतर्गत डाटा हेतु जिले के सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के Maker, Checker तथा Approval का जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 24.1.2020 से 4.2.2020 तक जिलर कम्प्यूटर केन्द्र में किया गया।

- संस्थान छात्र–छात्राओं के सहयोग से प्रत्येक वर्ष पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम को आयोजन करती है। इसके तहत संस्थान के द्वारा सैकड़ों पेड़ लगाये गए।
- जिला कम्प्यूटर केन्द्र में प्रशिक्षणोंपरात उच्च विद्यालयों एवं संस्थान के छात्र–छात्राओं के बीच कम्प्यूटर शिक्षा में दिनांक 10.12.2022 को प्रशिक्षणोपरांत प्रमाण–पत्र का वितरण किया गया।

- जिला कम्प्यूटर केन्द्र की ओर से 27 मई 2023 को बी0पी0हाई स्कूल में वर्तमान समय में कम्प्यूटर शिक्षा की महत्ता पर कार्यशाला आयोजन किया गया।

- 15 जूलाई 2023 को विश्व युवा कौशल दिवस पर मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। जिसमें वीपीएस कम्प्यूटर के 127 छात्रों का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ, इसमें जिला कम्प्यूटर केंद्र के 18 छात्रों का भी चयन हुआ।
- 31 अगस्त 2023 के डिजिटल इंडिया वीक के समापन पर जिला कम्प्यूटर केंद्र के छात्रों के लिए प्रमाण–पत्र वितरण सह मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन मुख्य पार्षद श्रीमति पिंकी देवी के द्वारा किया गया।
- 14 दिसंबर 2023 के हिंदी दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन।
- 18 मार्च 2024 को नव नामांकित छात्रों के लिए प्रेरणा सत्र का आयोजन।
- 5 जून 2024 को पर्यावरण दिवस के अवसर पर छात्र–छात्राओं के लिए पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्यशाला का आयोजन।
- 8 अगस्त 2024 को प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्र–छात्राओं के बीच प्रमाण–पत्र वितरण सह मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन।
- दिनांक 20 अक्टूबर 2024 को जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिला कम्प्यूटर केन्द्र के लगभग 300 छात्रों ने भाग लिया।

## वी0 पी0 एस0 कम्प्यूटर, बेगूसराय एक परिचय

वी0 पी0 एस0 कम्प्यूटर की स्थापना 1990 के दशक में सन् 1994 में श्री वी0एन0 ठाकुर ने लखोटिया कम्प्यूटर केन्द्र से संबद्धता के साथ बेगूसराय में सूचना तकनीकि के क्षेत्र में कदम रखा और प्रथम संस्थान होने का गौरव प्राप्त किया। हाल ही में संस्थान ने अपनी रजत जयंती पूरी की। संस्थान अंतर्राष्ट्रीय मानक (ISO 9001:2015) से प्रमाणित है साथ ही साथ सूचना तकनीकि एवं प्रबंधन के क्षेत्र में कई सफलता हासिल कर बेगूसराय के छात्र–छात्राओं के लिए बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक माहौल बनाने का कार्य किया है।

वी0पी0एस0 कम्प्यूटर विगत 30 वर्षों से बेगूसराय में सूचना, तकनीकि एवं प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और यहाँ के छात्र–छात्राओं ने सरकारी, अर्धसरकारी एवं निजी क्षेत्रों मे अपना मुकाम बनाया है। यहाँ के हजारों छात्र–छात्राओं ने स्थानीय स्तर पर राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त जॉब में भी अपना स्थान बनाया है। अनेक छात्र एवं छात्राएँ जो इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, बैंक ऑफ बड़ौदा, इलाहाबाद बैंक एवं यूको बैंक में कार्यरत रहते हुए प्रोन्नति प्राप्त किये हैं जो सूचना तकनीकि एवं प्रबंधन पाठ्यक्रम की देन है एव यह देन वी0पी0एस0 कम्प्यूटर सहित बेगूसराय के लिए भी सम्मानजनक है।

## मौलाना मजहरूल हक विश्वविद्यालय पटना से संबद्ध

वर्तमान तकनीकि एवं प्रोफेशनल युग में बेहतर कैरियर और रोजगार की गारंटी व्यवसायिक एवं तकनीकि पाठ्यक्रमों में बिहार सरकार द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय मौलाना मजहरूल हक के द्वारा नियतिम पाठ्यक्रमों BCA, BBA, BJMC, DOL, CHN, PRA आदि न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध है जिसका लाभ बेगूसराय के छात्र–छात्राएँ ले रहे हैं।

## AICTE द्वारा अनुमोदित प्रतिष्ठित संस्थान

संस्थान AICTE (अखिल भारतीय तकनीकि शिक्षा परिषद्) से अनुमोदित है। हमारे BCA और BBAपाठ्यक्रमों को AICTE द्वारा मान्यता प्राप्त है, जो हमारी उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता और उत्कृष्टता का प्रतीक है। हम अपने छात्रों को सर्वोत्तम तकनीकि शिक्षा और आधुनिक प्रशिक्षण सुविधायें प्रदान करने के लिए प्रतिबद्व हैं, जिससे वे अपने कैरियर में नई ऊँचाइयाँ हासिल कर सकें।

## NIELIT, Patna से भी संबंद्ध है संस्थान

संस्थान भारत सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना तकनीकि संस्थान (NIELIT) के पटना शाखा द्वारा NSQF(National Skill Qualification Framework) के तहत तीन महीने (240 घंट) का ADCAAP एवं CDEO पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण बेगूसराय जिले के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग की महिलाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके तहत वर्ष 2022–2024 में 200 लाभार्थियों को इस योजना के तहत प्रशिक्षण दिया गया।

# BSDM से संबंद्ध प्रशिक्षण केन्द्र

संस्थान बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी योजना सात निश्चय के अंतर्गत संचालित कुशल युवा कार्यक्रम का प्रशिक्षण केन्द्र है। यह पाठ्यक्रम आज के कॉरपोरेट जगत के जरूरतों को तो पूरा करता है साथ ही युवाओं को कुशल बनाकर रोजगाार के लिए तैयार करता है। ये सभी ऐसे पाठ्यक्रम है जिसके माध्यम से अधिक से अधिक छात्र एवं छात्रायें अपने भविष्य में स्थायित्व की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

उपरोक्त पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के लिए छात्रों को अपने शहर छोड़ कर बड़े शहर की ओर पलायन करना पड़ता था, लेकिन ये सभी पाठ्यक्रम अब वी0पी0एस0 कम्प्यूटर के माध्यम से अपने बेगूसराय शहर में ही उपलब्ध है। वी0पी0एस0 कम्प्यूटर एन इन्स्टीच्यूट ऑफ आ.ई.टी. एण्ड मैनेजमेंट बेगूसराय का एक मात्र व पहला संस्थान है जहाँ पर इस तरह के रोजगार परक पाठ्यक्रम उपलब्ध है और नियमित रूप से उसका संचालन कुशल एवं अनुभवी प्रशिक्षकों के द्वारा कराया जाता है।

विगत 30 वर्षों में वी0पी0एस0 कम्प्यूटर एवं संबंद्ध विश्वविद्यालयों से सफल लगभग 30000 छात्र–छात्रायें सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में अपना पाँव जमा रखे हैं। वी0पी0एस0 कम्प्यूटर के चार शाखाओं में मुख्य शाखा जिला परिषद् मार्केट के द्वितीय तल पर स्थित है जहाँ मूल रू॰ से NILET, MMHAPU एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की पढ़ाई की व्यवस्था है एवं इसकी दूसरी शाखा कल्याण केन्द्र रिफाइनरी टाउनशिप, तीसरी शाखा कुशल युवा कार्यक्रम केन्द्र, वीपीएस कैम्पस विश्वनाथनगर एवं चौथी शाखा जिला कम्प्यूटर केन्द्र एसडीओं कैम्पस, नवाब चौक के पास है, जहाँ मूल रूप से डिप्लोमा आधारित पाठ्यक्रम संचालित होता है।

संस्थान का चौथा केन्द्र जो जिला कम्प्यूटर केन्द्र, बेगूसराय एवं वी0पी0एस0 कम्प्यूटर के संयुक्त तत्वाधान में सूचना प्रोद्यौगिकी भवन, सदर एस.डी.ओ. कैम्पस , बेगूसराय में पीपीपी मोड में संचालित हो रहा है जहाँ आर्थिक रूप से कमजोर एवं स्कूली छात्र–छात्राओं के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

वी0पी0एस0 कम्प्यूटर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए प्रत्येक वर्ष 50 आर्थिक रूप से कमजोर, मेधावी एवं निःशक्त छात्र–छात्राओं को छह माह का कम्प्यूटर डिप्लोमा प्रशिक्षण निःशुल्क उपलब्ध कराता है।

सूचना तकनीकि एवं प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में वी.पी.एस. कम्प्यूटर की उपलब्धियों एवं बेहतर कार्य को देखते हुए बेगूसराय जिला प्रशासन ने सन् 2015 में स्वतंत्रता दिवस के

अवसर पर निदेशक श्री वी एन ठाकुर को तत्कालीन जिला पदाधिकारी श्री मति सीमा त्रिपाठी के द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

**संस्थान के मुख्य आकर्षण निम्न हैं–**

1. बेगूसराय जिले का सर्वप्रथम सूचना तकनीकि(आईटी) एवं प्रबंधन शिक्षण संस्थान होने का गौरव ।
2. जिले का एकमात्र 9001 : 2015 प्रमाणित संस्थान।
3. जिले का सर्वप्रथम स्नातक में व्यवसायिक पाठ्यक्रम(सूचना तकनीकि एवं प्रबंधन) में संचालित करने वाला संस्थान।
4. बेगूसराय शहर में आधुनिक तकनीकों से युक्त चार कैम्पस।
5. योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों का दल एवं उनके द्वारा नियमित व गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण।
6. पूर्णतः वातानुकूलित एवं आधुनिक 1:1 कम्प्यूटर लैब व्यवस्था।
7. प्रॉजेक्टर के माध्यम से वर्ग संचालन
8. ऑनलाइन सत्रावधि एवं सत्रांत परीक्षा की व्यवस्था।
9. समय–समय पर कॅरियर काउन्सेलिंग व रोजगार मेले का आयोजन।
10. 30000 से अधिक सफल छात्र–छात्राओं का विशाल समूह।
11. संस्थान अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए प्रत्येक वर्ष 50 आर्थिक रूप से कमजोर, मेधावी एवं निःशक्त छात्र–छात्राओं को छह माह का निःशुल्क कम्प्यूटर डिप्लोमा का प्रशिक्षण दिया जाता है।
12. संस्थान अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए एस ओ एस बाल ग्राम के संयुक्त तत्वाधान में बेटी बचाओं– बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत छात्राओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है।